दैनिक
प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 156 मुरादाबाद 01 October 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## सीएम योगी ने आबकारी सिपाहियों को सौंपे नियुक्ति पत्र, मुख्तार के करीबी के कुर्क मकान में आग की होगी जांच

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में नवनियुक्त आबकारी सिपाहियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा से देश का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि यूपी में पारदर्शी ढंग से नौकरियां मिल रही हैं। प्रदेश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। मऊ में गुरुवार की सुबह मुख्तार अंसारी के करीबी और कोल माफिया उमेश सिंह के भुजौटी स्थित सील मकान में आग लग गई थी। इसमें करीब एक करोड़ से अधिक का सामान जलकर राख हो गया था। इस मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। सीओ सिटी धनंजय मिश्रा ने एएनआई को बताया कि गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क किए गए मकान में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा कि सूचना मिली थी कि उमेश सिंह के मकान में से धुआं निकल रहा हैं। वहां फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। आग कैसे लगी इसकी जांच की जा रही है।





### यूपी की खेती-किसानी में निवेश को आतुर है अर्जेंटीना, राजदूत ने CM योगी से मिलकर की बदलावों की तारीफ

अर्जेंटीना के राजदूत ह्यूगो जेवियर गोब्बी ने गुरुवार को सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इसे शिष्टाचार भेंट बताया गया। मुलाकात के दौरान राजदूत गोब्बी ने सीएम योगी की अगुवाई में प्रदेश के हर क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक बदलावों और सर्वसमावेशी विकास नीतियों की सराहना की।उन्होंने प्रदेश की औद्योगिक नीति को निवेशकों के लिए उत्साहवर्धक बताते हुए कहा कि अर्जेंटीना, उत्तर प्रदेश के कृषि एवं व्यापार के क्षेत्र में सहयोग के लिए उत्सुक है। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि अक्टूबर के तीसरे सप्ताह में अर्जेंटीना के व्यापार एवं कृषि के शासकीय प्रतिनिधि प्रदेश के दौरे पर आएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कृषि, एग्रो टेक्नोलॉजी, एग्रो लॉजिस्टिक, एग्रो पैकेजिंग के क्षेत्र में नीतिगत प्रयास किया जा रहा है। इस क्षेत्र में विकास की असीम संभावनाएं है, जिसमें अर्जेंटीना हमारा अच्छा सहयोगी बन सकता है। राजदूत गोब्बी ने उत्तर प्रदेश के इन्वेस्टर्स समिट आयोजन को अर्जेंटीना के निवेशकों के लिए शानदार अवसर करार दिया। गोब्बी ने प्रदेश में महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की दिशा में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने फुटबॉल खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए अर्जेंटीना के प्रशिक्षकों के सहयोग का प्रस्ताव रखा।

### राजदूत ने यूपी की कानून व्यवस्था को सराहा

राजदूत ने उत्तर प्रदेश पुलिस की कार्यशैली की सराहना करते हुए बीते साढ़े पांच वर्षों में कानून-व्यवस्था और पुलिस आधुनिकीकरण के क्षेत्र में मुख्यमंत्री की नीतियों और क्रियान्वयन को अत्यंत उपयोगी बताया। उत्तर प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों के शैक्षिक गुणवत्ता सुधार व तकनीकी ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए अर्जेंटीना के संस्थानों के साथ एमओयू के संबंध में चर्चा हुई।

## हिजाब और बुर्का वाली छात्राओं को लेकर प्रशासन की एंट्री, हिन्दू महिला प्रिंसिपल के रोने के मामले ने पकड़ा तूल

यूपी के आगरा कैंट स्थित जॉय हैरिस गर्ल्स इंटर कॉलेज में कार्यवाहक प्रधानाचार्य और शिक्षिकाओं के विवाद में शुक्रवार को प्रशासन की एंट्री हो गई। शुक्रवार सुबुह एसीएम प्रथम दिव्या सिंह, डीआईओएस मनोज कुमार व विधायक डॉ. जीएस धर्मेश स्कूल पहुंच गए। प्रशासन और डीआईओएस ने मामले की विस्तृत जानकारी ली। इसके बाद डीआईओएस ने जल्द से जल्द मामले को सुलझाने की बात कही। एक दिन पहले कार्यवाहक प्रधानाचार्य ममता दीक्षित का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसमें ममता दीक्षित सुबकते हुए स्कूल की समुदाय विशेष की शिक्षिकाओं पर उन्हें मानसिक रूप से उत्पीड़ित करने की बात कह रही थीं। उन्होंने वीडियो में यह आरोप भी लगाया था कि स्कूल में पढ़ने वाली समुदाय विशेष की बालिकाएं हिजाब पहनकर विद्यालय आती हैं और उसी समुदाय की शिक्षिकाएं उन्हें प्रोत्साहित करती हैं। मंगलवार को विधायक डॉ. जीएस धर्मेश, एसीएम प्रथम दिव्या सिंह व डीआईओएस मनोज कुमार विद्यालय पहुंच गए। तीनों ने दोनों पक्षों की बात सुनी।

### ममता दीक्षित पर अवैध फीस वसूली का लगा आरोप

स्कूल में अंग्रेजी की शिक्षिका रेहाना खातून ने प्रशासन की टीम को बताया कि दरअसल मामला कक्षा एक से आठ तक की फीस वसूलने को लेकर शुरू हुआ। ममता दीक्षित ने फीस वसूलने को कहा तो हमने बताया कि शासन से आठवीं कक्षा तक की फीस माफ है। उनसे फीस वसूली को लेकर शासन से आया कोई लिखित आदेश मांगा तो नहीं दिखा सकीं। इसके बाद उन्होंने यह प्रपंच रचा। हिजाब पहनकर आने का कोई प्रमाण नहीं मिला

## कांग्रेस अध्यक्ष की रेस से हटे दिग्विजय सिंह, मल्लिकार्जुन खड़गे के बनेंगे प्रस्तावक; बोले- गांधी परिवार का वफादार हूं




कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव को लेकर बना सस्पेंस नामांकन के आखिरी दिन अब खत्म होता दिख रहा है। दो दिनों से अध्यक्ष पद की रेस में दिख रहे दिग्विजय सिंह अब इससे हट गए हैं। शुक्रवार को नामांकन के आखिरी दिन उन्होंने इसका ऐलान किया है। दिग्विजय सिंह ने गांधी परिवार से वफादारी का नाम लेते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे के समर्थन में बैठने की बात कही है। उन्होंने कहा कि मैंने मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की और कहा कि यदि आप फॉर्म भर रहे हैं तो मैं आपके साथ हूं। मैंने साफ कहा कि आपके खिलाफ लड़ने की मैं सोच भी नहीं सकता हूं। इसलिए मैंने अब तय किया है कि उनका प्रस्ताव बनूंगा। मीडिया से बात करते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा कि मैं तीन बातों पर समझौता नहीं करता। पहला गरीब, दलित और आदिवासी के हित। इसके अलावा सांप्रदायिकता के खिलाफ संघर्ष। तीसरा विषय यह है कि मैं गांधी-नेहरू परिवार के प्रति वफादार हूं। दिग्विजय सिंह के समर्थन के बाद अब अध्यक्ष पद की रेस में मल्लिकार्जुन खड़गे और जी-23 के नेता शशि थरूर ही बचे हैं। माना जा रहा है कि मल्लिकार्जुन खड़गे को गांधी परिवार का आशीर्वाद प्राप्त है। ऐसे में ज्यादातर नेता उनके नाम पर ही वोट कर सकते हैं और उनकी जीत तय मानी जा रही है। कुछ ही देर में वह नामांकन दाखिल करेंगे। इस मौके पर दिग्विजय सिंह प्रस्तावक के तौर पर होंगे। उनके अलावा भी कई नेता मौजूद रहेंगे। इस रेस से हटे अशोक गहलोत भी उनसे मुलाकात करने पहुंचे हैं। बता दें कि सबसे पहले अशोक गहलोत का नाम ही गांधी परिवार के आशीर्वाद प्राप्त उम्मीदवार के तौर पर आगे चल रहा था, लेकिन वह पीछे रह गए। यहां तक कि अब उनकी राजस्थान सीएम की कुर्सी पर भी संशय पैदा हो गया है। अगले कुछ दिनों में राजस्थान में विधायक दल की मीटिंग होने वाली है। इसमें राजस्थान के सीएम को लेकर फैसला हो सकता है।

### भाजपा से बोले कांग्रेस नेता- देखो कैसे होता है चुनाव

इस बीच कांग्रेस ने अध्यक्ष पद के चुनाव के बहाने भाजपा पर निशाना साधा है। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा अपनी आंख खोलो और देखो की कांग्रेस में चुनाव होता है आपके यहां नहीं होता। प्रमोद तिवारी ने कहा कि दिग्विजय सिंह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं और उन्होंने निर्णय लिया है कि वे खड़गे जी के प्रस्तावक बनेंगे। उनको मैं प्रणाम करता हूं। गांधी परिवार ने इस चुनाव में कुछ दखल नहीं दिया।

# अध्यक्ष जिला पंचायत ने फीता काटकर वृहद रोजगार मेले का किया शुभारम्भ

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




श्रावस्ती- शासन के मंशानुरुप जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशन में उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, राजकीय आई0टी0आई0 भिनगा व जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में वृहद रोजगार मेले आयोजन किया गया। मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा ने फीता काटकर एवं द्वीप प्रज्वलित कर कर किया। इस अवसर पर मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत ने मेले में आये अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित कर मेले में चयनित अभ्यर्थियों नियुक्ति पत्र वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत ने अपने सम्बोधन में कहा कि पहले जहां इस तरह रोजगार प्राप्त करने के लिए युवाओं को दर दर भटकना पड़ता था, वहीं अब देश के प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गये कौशल विकास मिशन द्वारा तकनीकी रूप से दक्ष युवाओं को कंपनियां उन्ही के जिलों में आकर रोजगार बांट रही हैं। जिससे देश के युवाओं को स्वावलम्बी एवं आत्मनिर्भर बनाने मदद मिल रही है। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने वाली सरकार है।

इस दौरान अध्यक्ष ने विभिन्न कम्पनियों के माध्यम से लगाये गये स्टाल का निरीक्षण किया और प्राप्त आवेदनों के बारे भी विस्तारपूर्वक जानकारी ली। मेले में कुल 15 कम्पनियों और 1055 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया है। कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से 486 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया है। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुभाष सत्या, जिला बचत अधिकारी राम प्रसाद, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन राजकुमार, जिला सेवायोजन अधिकारी आशा वर्मा, कौशल विकास मिशन के प्रबन्धक क्रमशः अरविन्द चौरसिया, संदीप सिंह, पंकज मिश्रा, ठाकुर प्रसाद तिवारी, सुनील तिवारी, संजय प्रधान, पवन मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी एवं प्रशिक्षणार्थिगण उपस्थित रहें।

# अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज भिनगा में सड़क सुरक्षा चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने बताया है कि शासन के मंशानुसार 02 अक्टूबर, 2022 को गांधी जयन्ती के उपलक्ष्य में विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जायेगा। उक्त के क्रम में अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज, भिनगा में उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक छात्राओं की सड़क सुरक्षा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में प्रियंका कक्षा-9 प्रथम, बरखा श्रीवास्तव कक्षा-9ए द्वितीय एवं ज्योति कक्षा-12ए ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ठ तीन प्रतिभागियों को परिवहन विभाग, श्रावस्ती द्वारा प्रशस्ति पत्र 02.10.2022 को प्रदान किया जायेगा। इस दौरान प्रतियोगिता में विभिन्न छात्रों द्वारा सड़क सुरक्षा पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये एवं यातायात नियमों का पालन करने के लिए शपथ भी दिलाई गयी।उक्त प्रतियोगिता में प्राचार्य अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज भिनगा ज्योति प्रकाश पाण्डेय, महेन्द्र प्रताप भारती, सुनील कुमार चौधरी, सिद्धनाथ वर्मा, नवीन कुमार एवं परिवहन विभाग के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# क्षेत्र के किसानों ने बताया है कि बिना पैसे लिए बिजली विभाग के बाबू फाइलों को पूरा नहीं करते- राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह को क्षेत्र के कुछ किसानों ने बताया है कि टू वेल की फाइलें विभाग में अटकी हुई है किसान बिजली कार्यालय जाते हैं लौट कर चले जाते हैं कोई सही तरह से जवाब नहीं कोई बाबू किसानों को सही बात बताता भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि जो किसान ट्यूबिल का कनेक्शन कराना चाहता उसे तुरंत कराया जाए किसानों पर कार्यालय के चक्कर ना लगवाएं कनेक्शन के नाम पर किसानों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का सख्त आदेश है किसानों की समस्याओं को लंबित न करें तत्काल समाधान करें उस आदेश का अधिकारी पालन करें भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह को बताया है कि संबंधित विभाग में सबसे बाबू होता है जो फाइलों को लटकाए रहता है बाबू का पूरा चक्कर पैसा का रहता है जिसका पैसा कौन जाता है उसकी फाइलें मंजूर हो जाती हैं यह समस्या किसानों ने बताई है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने अधिशासी अभियंता सिक्स एवं अधीक्षण अभियंता से साफ कहा है कि कैसे बाबू ऊपर शक्ति रखें जो किसानों का शोषण कर रहे हैं और सही तरह से किसानों से बात नहीं करते किसानों का अपमान करते हैं क्षेत्रीय एसडीओ अवर अभियंता को किसानों की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए इस तरह की फाइलों को जो कि सिंचाई से संबंधित है उन्हें तत्काल पूरा किया जाना चाहिए क्यों अधिशासी अभियंता की नाक पर घूस ली जाती है किसानों का शोषण किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इसकी शिकायत ऊर्जा मंत्री जी से ऊर्जा सचिव से सीधी की जाएगी ट्यूबल की फाइलें अति शीघ्र मंजूर किए जाएं कनेक्शन तत्काल किए जाएं कनेक्शन की आड़ में किसानों का उत्पीड़न कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उत्तर प्रदेश सरकार का आदेश के आदेश का उल्लंघन कदापि सहन नहीं किया जाएगा

# नहर में अर्धनग्न महिला का शव मिलने से फैली सनसनी

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- नवीन मॉडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलहा राघव स्थित बेलहा बंजरही के पास नहर में एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गयी थी। आनन फानन में स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना श्रावस्ती पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला का शव नहर से बाहर निकला। महिला अर्धनग्न हालत में थी। महिला के कमर में एक रस्सी हुई बंधी हुई थी। उस रस्सी के अंतिम हिस्से में एक खूंटा बंधा हुआ था। नहर में महिला की लाश मिलने की सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से उसके मायके वालों को मिली। मौके पर महिला के पिता जुगनू ने पहुंच कर महिला की शिनाख्त अपनी लड़की मोहिनी के रूप में की हैं। वहीं पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जुगनू पुत्र राम अवध निवासी गिलौला ने नवीन मॉडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि अपनी लड़की मोहिनी की शादी ददौंली निवासी नानबाबू पुत्र धीरज के साथ सात साल पहले हिंदू रीति रिवाज के अनुसार की थी। चार दिन पहले वह पुत्री मोहिनी मिलने ददौंली गया था। इस पर परिजनों ने बताया कि घर पर नहीं है। गुरुवार को बेलहा राघव के पास सरयू नहर में महिला की लाश मिलने की सूचना मिली तो आकार देखा तो बेटी मोहिनी की लाश है। जिसके शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। मोहिनी के पिता का आरोप है कि शादी में उन्होंने अपनी क्षमता के अनुसार दान दहेज दिया था। लेकिन मोहिनी के ससुराल वाले दहेज की मांग कर मोहिनी को शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना देते रहते थे। मोहिनी की दो छोटी-छोटी लड़कियां भी हैं। महिला के कमर में रस्सी और रस्सी से खूंटा बंधे होने का रहस्य सुलझाने में पुलिस लगी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

# दरोगा सुनील यादव के हत्थे चढ़ा शातिर चोर,10 साइकिल बरामद

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी। लोहता पुलिस ने गुरुवार को शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास6 के चोरी की गई 10 स्पोर्ट साइकिल बरामद की। पूछताछ के बाद उसका चालान कर दिया गया। थानाध्यक्ष राजेश त्रिपाठी ने बताया कि गुरुवार की सुबह गश्त के दौरान सूचना मिली कि शातिर सायकिल चोर धमरिया पुल के पास स्पोर्ट सायकिल बेचने के लिए खड़ा है। इस पर सक्रियता दिखाते हुए पुलिस टीम के साथ उपनिरीक्षक सुनील यादव वहां पहुंचे। पुलिस को देखकर चोर साइकिल छोड़कर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने घेरकर उसे धर-दबोचा। गिरफ्तार चोर लल्ला भदोही जिले का रहने वाला है। उसके खिलाफ सिगरा और जंसा थाना में पहले से मुकदमा दर्ज है। पूछताछ में चोर ने स्पोर्ट साइकिल चोरी करना स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर सभी साइकिलें बरामद कर ली गईं। इनकी कीमत लगभग 70 हजार बताई गई है।



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# सड़कों पर हो रहें अतिक्रमण को एनएचएआई को तत्काल हटाने के निर्देश

# परिवहन विभाग मुरादाबाद में अवैध ई-रिक्शा को शून्य करें

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में प्रथम मण्डलीय सड़क सुरक्षा की बैठक आहूत की गयी। बैठक में मण्डल में सड़क दुघर्टनाओं का तुलनात्मक विवरण, चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स, सोलेसियम स्कीम के तहत दी जाने वाली राहत धनराशि पर विचार विमर्श, सार्वजनिक सेवायान से घटित दुघर्टनाओं में परिवहन विभाग द्वारा दिए जाने वाली सहायता धनराशि के लम्बित मामलों, सड़क सुरक्षा के मामलों में किए गये प्रवर्तन कार्यो की जनपदवार समीक्षा की गयी तथा आपातकालीन सेवाओं पर चर्चा एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता उत्पन्न किए जाने हेतु संबंधित विभागों द्वारा किए गये प्रयासों की समीक्षा की गयी और टैऽफिक जाम के कारण एवं निवारण के उपाय अवैध ई-रिक्शा के प्रतिस्थापना पर विस्तार से चर्चा की गयी। मण्डलायुक्त ने ब्लैक स्पाट्स के सुधारीकरण के लिए एनएचएआई तथा पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिऐ कि समस्त सुधारात्मक कार्यवाही तत्काल प्रभाव से पूर्ण करा दी जाये। मण्डलायुक्त ने एनएचएआई को निर्देशित किया कि ब्लैक स्पाट्स पर सुधारात्मक कार्यवाही की समय सीमा को कदापि बढाया नही जायेगा, इसे प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए



साइनेज, संकेत सूचक बोर्ड, डिवाइडर, अवैध कट हटाना आदि की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाये। मण्डलायुक्त ने सड़कों पर हो रहें अतिक्रमण को एनएचएआई को तत्काल हटाने के निर्देश दिये हैं तथा अतिक्रमणकारियों को 7 दिन का नोटिस जारी कर तामील भी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों पर लगाये गये अनाधिकृत बोर्डो तथा अवधै कटो को भी बंद करने के निर्देश दिये हैं ताकि दुघर्टनाओं में कमी लाये जा सके। मण्डलायुक्त ने एनएचएआई को सचेत किया है कि सड़कों पर दुघर्टनाओं में कमी लाने के हर संभव प्रयास किए जायें। एक माह के अन्दर रोडों पर अतिक्रमण को अभियान चलाकर हटाया जाये, व्यक्ति जान अमूल्य है इसका महत्व समझा जाये। उन्होंने कहा कि वाहनों की गति निर्धारण हेतु के बोर्ड लगाये, जिन चैराहों पर टैऽफिक डायवर्ड होता है उन चैराहों को अतिक्रमणमुक्त रखा जाये। आयुक्त ने इस संबंध में नगर निगम एवं लोक निर्माण विभाग को कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि रोड पर विद्युत पोल टेड़े हो गये हैं तो विद्युत विभाग की जिम्मेदारी है कि वह उन्हें तत्काल ठीक करें। मण्डलायुक्त ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सड़क सुरक्षा संबंधी प्रवर्तन कार्यवाही और अधिक प्रभावी ढंग से करें। आयुक्त ने परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि मुरादाबाद में अवैध ई-रिक्शा को शून्य किया जाये। जनपदवार लम्बित दुघर्टना प्रकरणों में रामपुर में सबसे अधिक प्रकरण पेन्डिंग होने पर मण्डलायुक्त ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिलाधिकारी रामपुर से मिलकर प्रकरणों का निस्तारण किए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सोलेशियम स्कीम के संबंध में होर्डिंग लगाकर प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को जागरुक करें। गुड सेमेरिटन ( नेक आमदी ) को पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिन्हित किया जाये, चिन्हित व्यक्ति को रु0 5000 की प्रोत्साहन राशि दिलाने हेतु परिवहन विभाग के पास सूची भेजी जाये। उन्होंने अवैध टैक्सी स्टैण्ड हटाने के साथ-साथ वैध टैक्सी स्टैण्ड स्थापित करने एवं पार्किंग स्थलों को चिन्हित करने का कार्य सुनिश्चित किया जाये। इसी प्रकार टैऽफिक जाम के कारणों एवं उसके निवारण के उपाये की कार्ययोजना तैयार कर सुगम यातायात प्रबन्धन कायम करायें, इसमें पुलिस प्रशासन के अधिकारी नगर निगम के साथ सामन्जस्य स्थापित करते हुए पूर्ण सहयोग प्रदान करें। अपंजीकृत अवैध ई-रिक्शा को जब्त कर ई-रिक्शा स्वामी का वैध ई-रिक्शा डीलर तथा बैंकर्स से संपर्क स्थापित कराते हुए वैध ई-रिक्शा खरीद कराकर पंजीकृत ई-रिक्शा का संचालन करायें, इस हेतु लीड बैंक मैनेजर ई-रिक्शा मूल्य का 80 प्रतिशत संबंधित बैंक से फाईनेन्स कराना सुनिश्चित करें। शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षण संस्थानों में सडक सुरक्षा जागरुकता संबंधी अभियान तथा विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की नियमित बैठकें करायी जाये। मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में आरटीओ आर0के0 सिंह ने सड़क दुघर्टनाओं के तुलनात्मक विवरण की जानकारी देते हुए बताया कि माह जनवरी 2021 से अगस्त 2021 की अवधि की तुलना माह जनवरी 2022 से अगस्त 2022 की अवधि से करने पर दुघर्टनाओं की संख्या में .14.74 प्रतिशत मृतकों की संख्या में 21.38 प्रतिशत तथा घायलों की संख्या में 25.31 प्रतिशत वृद्धि हुई है। संभाग के समस्त जनपदों में ब्लैक स्पॉट्स में सकारात्मक कार्यवाही तथा कुशल यातायात प्रबन्धन एवं क्रियान्वयन के फलस्वरुप दुघर्टना के अभाव में कमी लाया जाना अपेक्षित है। आरटीओ ने बताया कि मुरादाबाद में 17, अमरोहा में 15, बिजनौर में शून्य, रामपुर में 04 तथा सम्भल में शून्य ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित किए गये हैं, जिस पर मण्डलायुक्त ने संबंधित विभाग को निर्देश दिये कि ब्लैक स्पाट्स पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये ताकि दुघर्टनाओं को रोका जा सके। बैठक में डी0आई0जी0 पुलिस श्री शलभ माथुर, अपर जिलाधिकारी नगर आलोक कुमार वर्मा, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन आर0के0 सिंह, आरटीओ भीमसेन सिंह, एसपी टैऽफिक अशोक कुमार सिंह, एआरटीओ अमरोहा महेश कुमार शर्मा, संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार द्विवेदी, एलडीएम विशाल दीक्षित, आरटीओ रामपुर अनिल वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार दुबे, आरटीओ प्रशासन बिजनौर जी0एस0 ठाकुर, आरएम रोडवेज परवेज खान, नगर निगम, विद्युत विभागों के अधिकारी सहित ई-रिक्शा डीलर, सीएनजी एसोसिएशन, बीमा कंपनी पीडब्ल्यूडी अभियन्ता आदि उपस्थित रहे।

## 02 अक्टूबर 2022 को गांधी जयंती मनाये जाने वाले कार्यक्रमों की रुपरेखा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने 02 अक्टूबर 2022 को गांधी जयंती पर मनाये जाने वाले कार्यक्रमों के संबंध में बताया है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री जी के जन्मदिवस 02 अक्टूबर 2022 को प्रातः 7:00 बजे परिवर्तन द चेंज संस्था द्वारा लालबाग काली के मंदिर के पीछे रामगंगा नदी पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जायेगा। प्रातः 9 बजे सभी राजकीय भवनों पर प्रतिदिन की भांति राष्ट्रीय ध्वज लगाया जायेगा। सभी कार्यालयों, विद्यालयों और दूसरी संस्थाओं के किसी बडे कक्ष या हॉल में किसी वरिष्ठ अधिकारी, प्रधानाचार्य या विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष द्वारा महात्मा गांधी जी के एक बड़े चित्र का अनावरण व माल्यापर्ण किया जायेगा। इसके साथ ही भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी के चित्र का भी माल्यापर्ण किया जायेगा। प्रातः 9:30 बजे नगर की मलिन बस्तियों की सफाई हेतु अभियान चलाया जायेगा तथा गांधी जी की प्रतिमा पर कंपनीबाग मुरादाबाद में माल्यापर्ण किया जायेगा। प्रातः 10:00 बजे समस्त विद्यालयों में गांधी सप्ताह के रुप में उनके प्रिय भजन एवं विचार गोष्ठी का आयोजन स्टाफ के द्वारा कराया जायेगा, पूर्वान्ह् 10:30 बजे सोनकपुर स्टेडियम के अन्दर महिला व पुरुष तथा जूनियर वर्ग में वॉक रेस का आयोजन किया जायेगा। पूर्वान्ह् 11:00 बजे सेन्ट मेरी विद्यालय कंपनीबाग मुरादाबाद में मद्यनिषेध, गांधी जयंती एवं पूर्वा प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री जी पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। पूर्वान्ह् 11:30 बजे हड्डी मिल के बराबर में डबल फाटक स्थित कुष्ठ आश्रम में नारी सुरक्षा संगठन द्वारा भोजन वस्त्र आदि का वितरण किया जायेगा। मध्यान्ह् 12:00 बजे भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री जी के जीवन पर चर्चा स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी भवन में की जाएगी तथा सायं 5:00 बजे टाउन हॉल पर नगर निगम मुरादाबाद में महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री जी के जीवन पर एक गोष्ठी आयोजित की जाएगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख ,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

संपादकीय Editorial

# Women's rights

The Supreme Court of the country has once again reaffirmed the right of women over their bodies, so it is welcome as well as exemplary for further decisions. A bench headed by Justice DY Chandrachud has clearly ruled that any woman, married or unmarried, has the right to an abortion up to 24 weeks without permission. Along with this, the court has also clarified that forcibly impregnating a married woman can be treated as rape under the 'Medical Termination of Pregnancy Act'. This decision, which came on Thursday, will give a lot of strength to women's empowerment. The rules for abortion are clearly described under the Medical Termination of Pregnancy Act, according to which the Supreme Court has ruled. It is a sad fact that men still take most of the decisions related to women in the country. Women also have to seek the approval of men on issues related to their bodies, while the Supreme Court has already highlighted this right of women. In fact, in a socially complex masculine country like India, courts have to repeat or define such judgments over and over again. Mind you, it has taken women a long time to reach this right. All women should be aware of this right of theirs. Men should also know where their jurisdiction ends. Such decisions should inspire and any kind of atrocities against women should end. Justice Chandrachud also observed that married women can also be victims of rape. Rape means having a relationship without consent. If this happens, then it will be considered as rape even in the marital relationship. The consent of the woman is most important. According to the existing rules, divorced, widowed women cannot get an abortion after 20 weeks, but there is a provision for all other women to allow abortion up to 24 weeks. This decision of the court has come on the application of a 25-year-old pregnant single girl. This young woman was not relieved from the High Court, but along with justice in the Supreme Court, the rules have also got a new interpretation. The top court made it clear that taking away this right from a woman amounts to trampling on her dignity. India in general leads the world in terms of abortion and women's rights. Many countries still do not allow abortion. The number of countries that approve abortion is not even 100. About 50 countries, including Libya, Indonesia, Nigeria, Iran and Venezuela, allow abortion if a woman's health is at risk. Many other countries only allow abortion in the event of rape, incest or fetal abnormality. Controversy continues in America about abortion rights, and the laws of the states are different there. India's laws are quite strong on this front, but it is taking time to change the mindset of the people in the society here. The scope of protection of women should increase and it will increase only when they are given real rights.

# Manoj Bajpayee said, I read script only in Hindi language, if it comes in English then

Manoj Bajpayee, the best actor who has delivered one hit web series after another on the OTT platform, has said that Hindi language is being ignored not only in the entertainment industry but also in our society. He also spoke about what he does at a personal level to promote the importance of the Hindi language. Today everyone wants to teach their child in English medium - it would be wrong to say that Hindi language is ignored only in entertainment industry because our society also gets full credit for it, says Manoj Bajpayee. He further said, 'I think everyone likes to send their children to English medium school, whether the children are good, bad or average in studies. We want our children to learn to speak English first and then learn other languages ??when they have the time and energy to move forward. So, in effect, we are failing as parents. Not only as parents but also as teachers, we are failing to promote Hindi language. I return the script in English - 47 years old actor Manoj Bajpayee said that the entertainment world is also no different from the society. There is also something similar 'everyone who is coming to Bollywood, I would say 90-95% of them, only know how to write in English' and that is an unfortunate thing. He said, there are probably very few actors who read their scripts in Hindi. The actor further said- 'It is my contribution to promote this language that I read the scripts of my films only in Devanagari. And whenever I get any script in English language, I return it and ask to send it in Hindi. Manoj Bajpayee said- 'It is not that I do not know English. But when we have to speak Hindi language onscreen, then its script should be written in Hindi only. If we want to express ourselves in this language, then Hindi language should be in our mind even while writing, speaking and reading. Known for his excellent performance in 'The Family Man'.



# Ameesha Patel told, the truth of dating with Pakistani actor Imran Abbas

Ameesha Patel has now broken her silence on dating Pakistani actor Imran Abbas. Imran Abbas recently shared a romantic video with Ameesha. After which the speculations of dating of both were started. Ameesha told that she had also read the news about this. Said that he even laughed after reading this. He has now told the whole matter. Said, the news is stupid - In the past, Amisha Patel was seen with arms in the arms of Pakistan actor Imran Abbas. After their video went viral, there was discussion that both are dating. When Hindustan Times asked Ameesha about this, she replied, I have also read these news and laughed a lot. This is absolutely stupid. I met my friend after so many years. This was just the way we both met. Told why the video was made - Ameesha met Abbas during an event in Bahrain recently. The two had recorded a video together. The song Dil Mein Dard Sa Jaga Hai from Kranti starring Ameesha and Bobby Deol was playing. Ameesha posted this video on her Insta, after which the market of rumors started heating up. Ameesha said, she likes this song of mine. This is his favorite song... we just performed on it. Recorded by a friend. It turned out to be so cute that we both posted it. It was not planned.



# डेंगू से पीड़ित अर्चना को मिला नि:शुल्क इलाज,जिले में 6 मरीज

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- सितंबर माह में डेंगू का शिकार हुयी जनपद निवासी अर्चना निशुल्क इलाज के बाद पूरी तरह ठीक हैं7 अर्चना बताती हैं कि अगस्त माह के अंत में उन्हें तेज बुखार आया, जब तबीयत में सुधार नहीं हुआ तब उन्होंने अपने पति शिशुपाल सिंह के साथ जाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरथरा पर चेकअप कराया। जांच के बाद डेंगू की पुष्टि हुयी7 स्वास्थ्य केंद्र चुरथरा पर ही उन्हें निशुल्क इलाज मिला, जिससे अब वह पूरी तरह स्वस्थ हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सितम्बर माह में अभी तक छः डेंगू मरीज मिल चुके हैं, सभी उचित इलाज के बाद स्वस्थ्य हैं7 बारिश का समय कई



बीमारियां साथ लेकर आता है, इन्हीं में से एक डेंगू भी है। बरसात के मौसम में डेंगू मच्छर जन्म लेते हैं जिससे काफी तेजी से डेंगू फैलता है। ऐसे में लोगो को सावधानी बरतनी चाहिए व डेंगू जैसे लक्षण प्रतीत होने पर तुरंत अपना इलाज करवाना चाहिए। डेंगू का इलाज सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर बिल्कुल निशुल्क उपलब्ध है। साथ ही सभी जांच व दवा भी निशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। डेंगू मरीजों के इलाज के लिए जिला अस्पताल पर 15 बेड व सभी सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 10-10 बेड आरक्षित किए गए हैं। जिला मलेरिया अधिकारी लोकमन सिंह ने बताया कि जिले में वेक्टर बोर्न डिसीज मसलन डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, दिमागी बुखार आदि के प्रति लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। साथ ही अक्टूबर माह में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद में इस वर्ष अब तक कुल 986 लोगों के एलाइजा टेस्ट भी किए गए हैं। जिसमें सितम्बर माह में कुल 6 लोग डेंगू पॉजीटिव पाए गए। सभी को नि-शुल्क इलाज की सुविधा मुहैया कराई गई है व सभी अब पूरी तरह स्वस्थ हैं।

# बाईकों के जखीरे के साथ चार बाइक चोर गिरफ्तार,पहरे में रखते थे ,बाइकें

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- कासगंज- पुलिस अधीक्षक बी बी जीटी एस मूर्ति के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र दुबे के पर्यवेक्षण में थाना सहावर पुलिस, एस ओ जी टीम और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही में दो शातिर बाइक




चोर बब्लू पुत्र राम पाल नि.मौ भीकन थाना गंजडुंडवारा और अकरम पुत्र मुश्ताक नि.मौ. द्वारा थाना अमांपुर जनपद कासगंज को दो तमंचे 315 बोर,7 जिन्दा कारतूस 315बोर, एक बिना नम्बर की स्प्रेन्डर मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। जिन्होंने कड़ाई से पूछताछ में पुलिस को बताया कि हमलोग आसपास के जनपदों से मोटरसाइकिल चुराकर बेच देते हैं चोरी की अन्य मोटरसाइकिल हमने जौहरी गांव के पास एक भट्टे के अन्दर छुपा रखीं हैं जिनकी रखवाली हमारे साथी कर रहे हैं , अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने छापा मारकर कर 22 चोरी की मोटरसाइकिलों सहित रात को दस बजे राहुल पुत्र बाबू राम नि.मौ.भीकन कस्बा व थाना गंजडुंडवारा , दिलीप पुत्र लक्ष्मी नि.धर्मपुर थाना सुन्न गढ़ी जनपद कासगंज को भी गिरफ्तार कर लिया।जबकि अंधेरे का लाभ उठा कर तीन अभियुक्त नन्हे पुत्र राजेन्द्र सिंह नि.शेरपुर थाना अमांपुर ,भुल्लन पुत्र देवेन्द्र वीर, दुष्यंत उर्फ सोनू पुत्र चन्द्र वीर भागने में सफल हो गए। पुलिस टीम में अनूप कुमार भारती प्रभारी एसओजी टीम , निरीक्षक मुकेश कुमार प्रभारी सर्विलांस टीम,उप निरीक्षक राजकुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना सहावर, उप निरीक्षक जयवीर सिंह ,उप निरीक्षक विनय कुमार शर्मा प्रभारी स्वाट टीम हैड का. 245पुष्पेन्द्र सिंह , का. 920 धीरेन्द्र सिंह, का.सोबरन सिंह , का.77पवन प्रताप सिंह सभी थाना सहावर ,,है.का. 433 आशुतोष त्रिपाठी ,है.का.301 शैलेश कुमार ,का.508 सर्वेश कुमार , का.600 बृजमोहन ,का.161 प्रवेंद्र सिंह सभी एस ओ जी टीम का.18 बाबू जी ,का.16 कुंवर पाल सभी एटीटीएफ टीम मौजूद रहे।

# अरुण ज्वेलर्स पर देर रात की चोरों ने चोरी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- 20 हजार के लगभग केश और ढाई किलो के लगभग चांदी की चोरी, चोरी गई चांदी की कीमत लगभग 2 लाख रुपए बताई जा रही है, घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एडिशनल एसपी धनंजय सिंह कुशवाहा, एडिशनल एसपी क्राइम विनोद कुमार पांडेय, सीओ सिटी राजकुमार सिंह, इंस्पेक्टर कोतवाली नगर सुधीर कुमार सिंह स्हत्र प्रभारी शंभुनाथ सिंह पहुँचे घटनास्थल, मामले की जांच पड़ताल के लिए डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक को भी बुलाया गया- SOG टीम व फॉरेंसिक टीम और कोतवाली नगर पुलिस मामले की गहनता से कर रही जाँच- कोतवाली नगर के जीटी रोड पर डॉ हरिओम गुप्ता के पास अरुण ज्वेलर्स पर देर रात की चोरों ने चोरी

# भोजन की गुणवत्ता में और अधिक सुधार के लिए दिए आवश्यक दिशा निर्देश



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-माह के अंतिम शुक्रवार की परेड के उपरांत एसएसपी एटा ने परखी पुलिस लाइन परिसर एवं पुलिस मेस ( भोजनालय ) की व्यवस्थाएं। भोजन की गुणवत्ता में और अधिक सुधार के लिए दिए आवश्यक दिशा निर्देश। आज दिनांक 30.09.2022 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड में शुक्रवार की परेड के दौरान सलामी के उपरान्त परेड का निरीक्षण कर उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों को पुलिस विभाग में ड्यूटी के दौरान ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और जनता के प्रति सदव्यवहार बनाये रखने के निर्देश दिये गये। परेड के उपरान्त पुलिस लाइन स्थित चिकित्सालय, परिवहन शाखा, क्वार्टर गार्ड, बैरिकों, बारबर शॉप, स्टोर रूम आदि सहित पुलिस मेस -भोजनालय ) का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान कुछ जगह खामियां मिलने पर प्रतिसार निरीक्षक को उनके शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया साथ ही भोजनालय में बने भोजन का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता में और अधिक सुधार करने को लेकर विशेष दिशा निर्देश दिए। उक्त मौके पर समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त शाखा प्रभारी तथा कर्मचारीगण, डायल 112 के कर्मचारीगण, क्यूआरटी तथा प्रतिसार निरीक्षक श्री हरपाल सिंह व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# कासगंज जेल का हुआ निरीक्षण



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज-जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति एवं जिला जज द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी कासगंज व पुलिस अधीक्षक कासगंज द्वारा बंदी पाकशाला, अस्पताल वार्ड, क्रीडास्थल व बैरिंको का निरीक्षण किया गया एवं बैरिकों व अस्पताल वार्ड में साफ-सफाई दुरुस्त करने के निर्देश दिए,

साथ ही कारागार के भोजन व साफ-सफाई व्यवस्था पर संतुष्टि व्यक्त की कासगंज डीएम व एसपी द्वारा मॉनीटरिंग कक्ष का भी, निरीक्षण किया गया तथा बंदी महिलाओं व बच्चों का विशेष ध्यान रखने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया,

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# महोत्सव के मुख्य अतिथि विधायक डॉ केके ध्रुव ने जिले की ओर से कलाकारों का किया स्वागत-अभिनंदन

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- गुरूकुल जिम्नास्टिक प्रशिक्षण केंद्र गौरेला में आयोजित संभाग स्तरीय राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में जनजातीय लोक कलाकारों नें पारंपरिक वेश भूषा और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पर मनमोहक प्रस्तुती दी। महोत्सव में बिलासपुर संभाग के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही और मुंगेली जिले से दो-दो नृत्य दल तथा बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, कोरबा एवं रागयढ़ जिले से एक-एक लोक नृत्य दल प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए। महोत्सव का आयोजन जिला प्रशासन के सहयोग से आदिवासी विकास विभाग द्वारा किया गया। महोत्सव के मुख्य अतिथि विधायक डॉ. केके ध्रुव ने द्वीप प्रज्वलित किया और मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संभाग स्तरीय इस महोत्सव में जिला स्तर पर चयनित लोक कलाकारों ने पारंपरिक और आकर्षक पहनावे के साथ पारंपरिक वाद्य यंत्रों-मादर, ढोल, झांझ, मंजीरा, बांसुरी, तबला, हार्मोनियम आदि की धुन पर सधे हुए लय-ताल एवं सुर में प्रस्तुति देकर



दर्शकों को प्रभावित किया। कलाकारों ने जनजातीय लोक नृत्य की विभिन्न विधाओं विवाह, फसल कटाई, पारंपरिक त्योहारों, कर्मा, शैला, सुआ आदि में आकर्षक प्रस्तुति दी। निर्णायक मंडल ने जय महामाया कर्मा दल बिलासपुर को प्रथम और कर्मा नृत्य धनौली को द्वितीय स्थान पर चयन किया। संभाग स्तर पर चयनित लोक नृत्य दल राज्य स्तरीय महोत्सव में अपनी प्रस्तुती देंगें। विधायक डॉ. केके ध्रुव ने जिले की ओर से कलाकारों का स्वागत-अभिनंदन किया। उन्होने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेष बघेल ने छत्तीसगढ़ की परंपरा, संस्कृति एवं तीज-त्यौहारों के संरक्षण एवं संवंधन के लिए प्रतिबद्ध है। महोत्सव के विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष बिलासपुर श्री अरूण सिंह चौहान एवं राज्य युवा आयोग के सदस्य श्री उत्तम वासुदेव ने भी कलाकारों को संबोधित किया और उन्हे बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष गौरेला सुश्री ममता पैकरा एवं उपाध्यक्ष श्रीमती सविता राठौर, जनपद पंचायत अध्यक्ष मरवाही श्री प्रताप सिंह मरावी, अपर कलेक्टर श्री बीसी एक्का, परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री आर के खूंटे, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री ललित शुक्ला सहित श्री मनोज गुप्ता, श्री ज्ञानेन्द्र उपाध्याय, श्री अजीत पेंद्रो, सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष श्री दया वाकरे, जानू बैगा, गिरधारी पैकरा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कलाकार और दर्शक उपस्थित थे।

# राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान को मरवाही विधायक ने सुपोषण रथ को हरी झंडी देकर रवाना किये



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही-राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान को मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के साथ ही राष्ट्रीय पोषण माह की विविध गतिविधियों के बारे में माननीय विधायक जी ने नागरिकों को जागरूक करने हेतु मुख्यमंत्री सुपोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विदित है की राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान का जिले में सफल क्रियान्वयन एवं संचालन किया जा रहा है। सुपोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा पोषण पखवाड़े की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मरवाही विधायक डॉक्टर के के ध्रुव उनके साथ विधयाक प्रतिनिधि नारायण शर्मा जिला प्रवक्ता कांग्रेस वीरेंद्र सिंह बघेल और महिला बाल विकाश परियोजना अधिकारी मरवाही श्रीमती श्वेता पांडे सहित स्टाप मौजूद थे , सुपोषण रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किये । सुपोषण रथ जिले के सभी विकासखण्डों में घूम-घूमकर गानों, नारो तथा पोस्टरों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाएगी। सुपोषण अभियान के वांछित लक्ष्यों की प्राप्ति की ओर जिला प्रशासन निरंतर प्रयासरत् तथा शत्-प्रतिशत् कुपोषण मुक्ति हेतु संकल्पित है। राज्य शासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार जिले में सुपोषण अभियान सफल हो रहा है और कुपोषित बच्चे एवं एनीमिक महिलाओं की संख्या में लगातार कमी आयी है।

# होमगार्ड के जवानों ने किया पौधारोपण





विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- ब्लॉक खुटार क्षेत्र के नवदिया छुटाई पांडे की ग्राम सभा कुइयां में अमृत सरोवर वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत पूर्व जिला पंचायत सदस्य सतीश चंद्र वर्मा, प्रधान मनोज कुमार के नेतृत्व में होमगार्ड कंपनी खुटार के जवानों ने पौधारोपण किया, होमगार्ड पी सी अनंत कुमार मिश्रा ने कहा वृक्ष ही हमारा जीवन है हम सभी को वृक्ष अवश्य लगाने चाहिए वृक्ष हमें शुद्ध जल वायु देते हैं, जिससे हम और हमारा परिवार बीमारियों से भी बचते हैं, इसलिए सभी को वृक्ष अवश्य लगाने चाहिए। इस अवसर पर बी ओ आनंद प्रकाश चौरसिया,कंपनी मेजर सुधीर कुमार गुप्ता, होमगार्ड अखिलेश कुमार, राजेश कुमार, जय जय राम, हेतराम,विजय बहादुर सहित तमाम होमगार्ड के जवान मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# जागो जीपीएम अभियान के तहत पंडित माधव राव सप्रे कॉलेज गौरेला पहुंची जीपीएम पुलिस

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही-पंडित माधव राव सप्रे कॉलेज गौरेला में पुलिस अधीक्षक श्री आई कल्याण एलीसेला* के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा की उपस्थिति में साइबर क्राइम, महिलाओं से संबंधित अपराध, यातायात नियम के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में कालेज के प्रोफेसरगण एवं लगभग 400 विद्यार्थी हुए शामिल हुए। साइबर प्रभारी श्री मनोज हनोतिया के द्वारा साइबर अपराध के संबंध में उपस्थित विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दिया गया। यातायात- उप निरीक्षक श्री अमरनाथ शुक्ला ने यातायात नियमें के बारे में जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने कहा गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा के द्वारा साइबर क्राइम एवं महिला संबंधित अपराध, दहेज प्रताड़ना, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, शारीरिक शोषण के संबंध में जानकारी दिया गया एवं उससे बचने के उपाय, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने ,आत्मरक्षा, कानूनी अधिकार के बारे में विद्यार्थियों को बताया गया एवं





- साइबर क्राइम, महिला अपराध से बचने किया गया जागरूक
- अभिव्यक्ति ऐप की दी गई जानकारी
- यातायात नियमों के पालन हेतु किया गया प्रतिबद्ध
- कालेज के 400 बच्चे हुए लाभान्वित

छात्राओं से कहा महिला अपराध को रोकना है तो हर बच्ची को पढ़ना जरूरी है लड़कियां यदि पढ़ी लिखी होंगी तो वह अपना निर्णय स्वयं ले सकेंगी साथ ही अपना और अपने परिवार का पालन पोषण कर सकेंगी। छात्र छात्राओं को श्रीमती झा ने संबोधित करते हुए कहा की अभी पढ़ने की उम्र है पढ़ाई करें पढ़ लिख कर आत्मनिर्भर बने। राज्य शासन के द्वारा लांच किया गया अभिव्यक्ति ऐप मे महिलाओं एवं बालिकाओं को दो प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई गई 1.SOS बटन का उपयोग संकट में फंसी महिलाओं बालिकाओं को तत्काल पुलिस सुरक्षा उपलब्ध होगी 2 शिकायत - इस प्रणाली के माध्यम से पीड़ित महिला बालिका सीधे ऐप पर टाइप कर अथवा कागज पर लिखे अपने आवेदन को अपलोड कर घर बैठे शिकायत कर सकती हैं कार्यक्रम के अंत में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के द्वारा विद्यार्थियों को क्रिकेट किट प्रदाय किया गया जागरूकता कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ के आर साहू सहायक प्राध्यापक श्री ओ एस कवर ,डॉ अंजनी पावले ,डॉक्टर देवाश्री चक्रवर्ती ,डॉ डीपी टंडन ,श्रीमती सुषमा कुमार ,श्रीमती रे कौशिक, श्री रुपेश हलवाई ,श्री टीपी चंद्रा ,संगीता कवर, उजमा बानो, सृष्टि साहू ,शबाना ,अनीश फातिमा एक्का एवं यातायात ,महिला सेल ,साइबर सेल की टीम उपस्थित रहे

# महिलाओं और बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य देखभाल से मिल रहा सकारात्मक परिणाम

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत कल्पना पण्डो के स्वास्थ्य में हुआ सुधार, 7.2 ग्राम हीमोग्लोबिन में हुआ वृद्धि आदिवासी और दूरस्थ वनांचलों के रहवासियों में स्वास्थ्य एवं कुपोषण संबंधी समस्या बच्चों में समस्या बनी रहती है। राज्य सरकार ने इसे चुनौती के रूप में लेते हुए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की शुरूआत की। छत्तीसगढ़ में चलाए जा रहे मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान और संकल्पित प्रयासों का सकारात्मक परिणाम मिल रहा है दूरस्थ अंचल एवं विशेष पिछड़ी जनजातियों को मिल रहा है स्वास्थ्य का लाभ। पंडो जनजाति की कुमारी कल्पना पंडो जिनका स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के कारण हीमोग्लोबिन कम हो गया था जिसे मुख्यमंत्री सुपोषण के अंतर्गत प्रदाय की जाने वाली पौष्टिक आहार की जानकारी दी गई तथा नियमित पौष्टिक आहार के सेवन से कुमारी कल्पना पण्डो का एचबी 7.2 ग्राम हो गया है। वह पहले से बेहतर महसूस कर रही है। गौरतलब है कि सूरजपुर परियोजना सेक्टर सिलफिली ग्राम पंचायत पंडोनगर की कुमारी कल्पना पंडो है। कुमारी कल्पना पंडो पूर्व में स्वस्थ थी। बार-बार बीमार होने के कारण एचबी 5.3 ग्राम हो गया कमज़ोर होने के कारण लगातार बुखार आ रहा था। आगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन के सहयोग से माह अगस्त 2022 में जिला अस्पताल - अंबिकापुर में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान एक बोतल खून चढ़ाया गया और दवाई उपलब्ध कराया गया। उसके बाद भी तबियत में सुधार ना होने के कारण पुनः जिला अस्पताल, सुरजपुर में 10 सितंबर 2022 को भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान दो बोतल खून चढ़ाया गया एवं दवाई उपलब्ध कराया गया। कार्यकर्ता प्रमिला पंडो के द्वारा मुख्यमंत्री सुपोषण योजना के तहत सुपोषण प्रदर्शन केंद्र से पॉस्टिक आहार (खिचड़ी) खिलाया गया। कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक एवं परियोजना अधिकारी के द्वारा गृह भेट कर स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली जहां उन्होंने समय से दवाई का सेवन करने, पौस्टिक आहार में मुनगा, लाल भाजी, मूली भाजी, कुम्हड़ा भाजी आदि सेवन करने और स्वच्छता संबंधी समझाइस दी गई। पोषण वाटिका से कार्यकर्ता द्वारा इन सभी भाजियो को सेवन हेतु उपलब्ध कराया गया। 20 सितंबर 2022 को स्वस्थ केंद्र पंडो नगर में एचबी टेस्ट किया किया गया। जिसमें कल्पना पंडो का एचबी 7.2 ग्राम है। अब कल्पना पहले से बेहतर महसूस कर रही है।

# सूरजपुर पुलिस के द्वारा महिलाओं-छात्राओं के लिए उपयोगी अभिव्यक्ति ऐप की दी जानकारी



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए अभिव्यक्ति ऐप के बारे में महिलाओं-छात्राओं को अवगत कराते हुए ऐप के इस्तेमाल को लेकर जागरूक करने एवं अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड कराने के निर्देश जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार, 30 सितम्बर को चौकी उमेश्वरपुर पुलिस के द्वारा शा.उ.मा.वि. उमेश्वरपुर, चौकी लटोरी की पुलिस के द्वारा नर्सिंग कालेज सोनवाही के छात्राओं तथा चौकी करंजी पुलिस के द्वारा ग्राम बतरा की महिलाओं को महिला सुरक्षा के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा तैयार किए गए अभिव्यक्ति ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी से अवगत कराते हुए ऐप डाउनलोड कराया है। इस दौरान महिलाओं-छात्राओं को कानून की जानकारी देते हुए अपराध से बचने की समझाईश दी। वर्तमान दौर में किए जा रहे फ्राड जिनमें बैंक एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने तथा बैंक का अधिकारी अथवा कर्मचारी बनकर मोबाइल से आधार कार्ड एवं एटीएम कार्ड की गोपनीय जानकारी प्राप्त कर बैंक खातों से रकम पार करने की घटित हो रही घटनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को देते हुए ठगी का शिकार होने से बचने की सलाह दी। इस दौरान चौकी प्रभारी उमेश्वरपुर देवनाथ चौधरी, चौकी प्रभारी लटोरी धनंजय पाठक, चौकी प्रभारी लटोरी संजय गोस्वामी सहित पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# मायावती का बड़ा सवाल, पीएफआई अगर देश की सुरक्षा के लिए खतरा तो आरएसएस पर प्रतिबंध क्यों नहीं?



बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने केंद्र सरकार द्वारा इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर प्रतिबंध लगाए जाने पर शुक्रवार को तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे राजनीतिक स्वार्थ और संघ तुष्टीकरण से प्रेरित बताया और आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) पर भी प्रतिबंध लगाने की मांग का समर्थन किया। बसपा प्रमुख ने शुक्रवार को ट्वीट किया, केन्द्र द्वारा पीपुल्स फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ देश भर में की गई कार्रवाई के बाद अन्ततः अब विधानसभा चुनावों से पहले पीएफआई समेत उसके आठ सहयोगी संगठनों पर प्रतिबन्ध लगा दिया है। लोग इसे राजनीतिक स्वार्थ व संघ तुष्टीकरण की नीति मान रहे हैं और उनमें संतोष कम व बेचैनी ज्यादा है। मायावती ने अपने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, यही कारण है कि विपक्षी पार्टियां सरकार की नीयत में खोट मानकर इस मुद्दे पर भी आक्रोशित व हमलावर हैं और आरएसएस पर भी प्रतिबंध लगाने की मांग खुलेआम हो रही है कि अगर पीएफआई देश की आन्तरिक सुरक्षा के लिए खतरा है तो उस जैसी अन्य संगठनों पर भी प्रतिबंध क्यों नहीं लगना चाहिए? गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने बुधवार को इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर आईएसआईएस जैसे वैश्विक आतंकवादी समूहों से संबंध रखने और देश में सांप्रदायिक नफरत फैलाने की कोशिश का आरोप लगाते हुए आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया। राजपत्रित अधिसूचना के अनुसार, पीएफआई के आठ सहयोगी संगठनों- रिहैब इंडिया फाउंडेशन, कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया, ऑल इंडिया इमाम काउंसिल, नेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन, नेशनल विमेन फ्रंट, जूनियर फ्रंट, एम्पावर इंडिया फाउंडेशन और रिहैब फाउंडेशन, केरल के नाम भी यूएपीए यानी गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम के तहत प्रतिबंधित किए गए संगठनों की सूची में शामिल हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# रामानुजनगर पुलिस ने जुआ खेल रहे 4 जुआड़ियों को पकड़ा, 3700 रूपये किया बरामद




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- अवैध शराब, जुआ, नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। इसी परिपेक्ष्य में रामानुजनगर पुलिस ने ग्राम राजापुर में हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेलने के मामले में 04 जुआड़ियों को रंगे हाथों पकड़ जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया है। गुरूवार को थाना रामानुजनगर पुलिस को मुखबीर ने सूचना दिया कि ग्राम राजापुर में कुछ जुआडियान रूपये पैसे की हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में प्राप्त सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जुआ खेल रहे 04 व्यक्ति मोहन यादव निवासी ग्राम सुरता, कुन्नी सिंह सिरदार ग्राम गोकुलपुर, कवल साय ग्राम परशुरामपुर व अनोज कुमार ग्राम कुरूवां थाना विश्रामपुर को पकड़ा जिनके कब्जे व जुआ फड से 3700 रूपये जप्त कर चारों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामानुजनगर विपिन लकड़ा, एसआई मनी प्रसाद राजवाड़े, एएसआई बिसुनदेव पैंकरा, आरक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह, राजीव गवेल, धनन्जय साहू, रवि साहू, सैनिक रजनीश पटेल, देवचंद पाण्डेय व मानसाय सक्रिय रहे।

# नंदू काशीपूरी निवासी गिरवर की हत्या का हुआ पर्दाफाश

ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- नंदू काशीपुरी पिता प्रेमलाल काशीपुरी उम्र 40 वर्ष साकिन गिरिवर पनिकान टोला थाना गौरेला बोलेरो ड्राइवरी करने रोज की भांति अपने मालिक अशफाक खान निवासी गौरेला के यहां गया। जहां से गाड़ी लेकर रेलवे स्टेशन के टैक्सी स्टैंड में लगाया था जो रहस्यमय तरीके से गुम हो गया , जिसकी गुम इंसान कायमी थाना गौरेला में की गई थी। *पुलिस अधीक्षक जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही श्री आई.कल्याण एलिसेला* के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा , स्ह्ठह्क्क गौरेला श्री अशोक वाडेगांवकार के मार्गदर्शन में थाना गौरेला प्रभारी युवराज सिंह एवं क्राइम ब्रांच प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी द्वारा लगातार गुम इंसान की जांच की जा रही थी । इसी दरमियान बिजुरी रेलवे स्टेशन में अज्ञात शव मिलने से थाना बिजुरी में अज्ञात मर्ग क्रमांक 34 / 22 धारा 174 जा. फौ. कायम कर जांच की जा रही थी 09/09/2022 शव की पहचान गुम इंसान नंदू काशीपुरी के रूप में उसके परिजनों द्वारा की गई, तत्पश्चात लगातार जीपीएम आरोपियों की पतासाजी कर रही थी। मुखबिर सूचना एवम् साइबर तकनीकी सहयोग के आधार पर कुछ संदिग्धों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपराध करना स्वीकार किया गया। आरोपियों द्वारा मृतक को फोन कर बुकिंग हेतु ग्राम कुदरी थाना पेंड्रा बुलाया गया, संदेह ना हो इस उद्देश्य से एक आरोपी की पत्नी को भी साथ में रखा गया, तत्पश्चात बोलेरो को चिरमिरी के रास्ते में ले जाकर बीच में ही मृतक के हत्या कर दी गई एवं साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को थाना बिजुरी क्षेत्र अंतर्गत रेलवे ट्रैक ने फेंक दिया , तथा गाड़ी का नंबर प्लेट बदलकर उसे बेच दिया था। थाना बिजुरी से मर्ग डायरी प्राप्त होने पर थाना गौरेला में नंबरी अपराध, क्रमांक-384/2022 धारा 302, 201, 364, भारतीय दंड विधान कायम कर आरोपियों आरोपियों की गिरफ्तारी की जा रही है। एवं प्रकरण संबंधी अन्य साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं। प्रकरण के संपूर्ण कार्यवाही में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी, आरक्षक राजेश शर्मा, रवि त्रिपाठी, राम लाल खुराना, चौपाल कश्यप एवं थाना गौरेला के उपनिरीक्षक कमलेश शेंडे की विशेष भूमिका रही । जिला अनूपपुर पुलिस ने भी प्रकरण में पूरा सहयोग किया।



- बोलेरो चालक नंदू काशीपुरी का किया गया था अपहरण
- थाना गौरेला में दर्ज किया गया था गुम इंसान
- थाना बिजुरी जिला अनूपपुर ( मध्य प्रदेश ) के क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर मिला था गुम इंसान का शव
- गुम इंसान जांच के दौरान अज्ञात शव की की गई पहचान
- बोलोरो गाड़ी लूट कर बेचने की नीयत से की गई थी हत्या
- गला दबाकर की हत्या एवं साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से रेलवे ट्रैक में फेंक दिया शव
- आरोपियों ने मध्यप्रदेश के जिला उमरिया में ले जाकर किया था बोलोरो गाड़ी का विक्रय
- आरोपियों द्वारा एक होकर योजना बना कर दिया गया था हत्या को अंजाम

### जीपीएम पुलिस की अपील

जिले में बोलेरो वाहन को बुकिंग में लेकर ड्राइवर की हत्या करके बोलेरो लूटने की दो घटनाएं विगत 15 दिन में सामने आ चुकी है। जीपीएम पुलिस की सभी वाहन मालिकों से अपील है कि बुकिंग में गाड़ी देने से पूर्व ग्राहकों की पर्याप्त पहचान कर लें उनका आधार कार्ड एवं अन्य पहचान पत्र फोटो इत्यादि खींच ले तथा प्रॉपर रजिस्टर मेंटेन करें जहां इनकी जानकारी अंकित रहे जिससे अपराधी भी भयभीत रहेंगे तथा इस प्रकार की घटनाएं नहीं होंगी, तथा अपराध निराकरण में भी सहयोग मिलेगा।*

# मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड एडवाइजरी फोरम की बैठक सर्किट हाउस सभागार में सम्पन्न हुई

मौ.युसूफ

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद -मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड एडवाइजरी फोरम की बैठक सर्किट हाउस सभागार में सम्पन्न हुई, जिसमें महापौर श्री विनोद अग्रवाल ने स्मार्ट सिटी के अर्न्तगत सोलर वेस्ड वाटर एटीएम एवं सोलर वेस्ड स्मार्ट टायलेट सिस्टम को और अधिक जनोपयोगी बनाये जाने का आह्वान करते हुए स्मार्ट सिटी एडवाइजरी कमेटी में प्रस्तुत सभी उपयोगी सुझावों को स्मार्ट सिटी परियोजना में समावेशित किए जाने के निर्देश दिए नगर आयुक्त /सीईओ मुरादाबाद स्मार्ट सिटी श्री संजय चैहान ने एडवाइजरी फोरम को बताया कि सम्पूर्ण स्मार्ट सिटी टीम पूर्ण मनोयोग एवं कर्तव्यप्रणयता के साथ पीतल नगरी मुरादाबाद को एक सुविकसित एवं सुनियोजित शहर बनाने हेतु दृढ़ संकल्पित है तथा आवश्यक नागरिक अवस्थापना सुविधाओं को शहरवासियों को उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं तथा शीघ्र ही पुरानी तहसील परिसर की भूमि पर शासन से अनुमति मिलने के उपरान्त एक अत्याधुनिक कामर्शियल काम्प्लेक्स एवं मल्टीलेवल पार्किंग तथा प्रेक्षागृह एवं डिजिटल लाईब्रेरी आदि विकसित किए जाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है बैठक में मुरादाबाद स्मार्ट सिटी के अर्न्तगत समग्र परियोजनाओं की जानकारी देते हुए नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि कुल लागत 60.90 करोड रुपये की लागत से 17 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं तथा 869.17 करोड रुपये की लागत से 19 कार्य प्रगतिशील है। उन्होंने पूर्ण परियोजनाओं का विवरण देते हुए बताया कि पीतल उद्योग में रोजगार के लिए कैरियर मित्रा की स्थापना, डिजिटल पाठशाला, 20 जंक्शनों पर सोलर हाईमास्क लाईट की व्यस्था, रेल वाटर हार्बेस्टिंग इन गवर्मेंट बिल्डिंग्स, पार्कों का पुर्नविकास व सौन्दर्यकरण, इलेक्ट्रिकल बस चार्जिंग स्टेशन, एयर वाटर क्वालिटी मानीटरिंग स्टेशन, सोलर वेस्ड वाटर ए0टी0एम0, ई-क्यास्क, स्मार्ट टायलेट, सोलर रुफटाप आन गवर्मेंट स्कूल, जीआईएस ब्रिज प्रापर्टी मैपिंग, चार्जिंग स्टेशन फार ई-रिक्शा, इम्प्लीमेंटेशन ई-बाइक्स एवं सोलर लैन्टर्न फार स्ट्रीट वेन्डर परियोजनाएं शामिल हैं। बैठक में नगर आयुक्त द्वारा वर्तमान में क्रियाशील कुल 22 परियोजनाओं के संबंध में ही एडवाइजरी फोरम के सदस्यगण को अवगत कराते हुए परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु फोरम के सुझाव प्रस्तुत किए जाने का अनुरोध किया गया। स्मार्ट सिटी परियोजना अर्न्तगत 卐सोलर वेस्ट वाटर एटीएम卐 को आम नागरिकों के उपयोग हेतु प्रक्रिया को सरल बनाये जाने के लिए परियोजना हेतु चयनित एजेंसी के माध्यम से स्थापित वाटर एटीएम में आपरेटरों की नियुक्ति किए जाने का सूझाव दिया गया जो कि वाटर एटीएम उपयोग की प्रक्रिया के संबंध में आम जन मानस को जागरुक कर सके

# गोठान से सोलर पंप चोरी,फॉरेस्ट के वायर फेंसिंग चोरी एवं सोलर पंप चोरी के प्रयास के तीन प्रकरणों में हुई गिरफ्तारी

ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही-तीनो मामले थाना मरवाही के हैं। प्रार्थी सहायक अभियंता क्रीडा विभाग का थाना मरवाही में रिपोर्ट दर्ज कराया की ग्राम चर्च सिवनी में क्रीड़ा विभाग द्वारा सौर सुजला योजना अंतर्गत गठान चाचणी में 5द्धश्च क्षमता का सोलर पंप स्थापित किया गया था जिसे दिनांक 25 अगस्त 2022 के मध्य रात्रि अज्ञात चोर द्वारा सोलर पंप के भरतार रोल पाइप रोप वायर जुमला कीमती 1,40,000 को चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर से अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रार्थी प्रधान पाठक सुखलाल लहरे प्राथमिक शाला लोहरी का थाना मरवाही में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 22/9/2022 के रात्रि में किसी अज्ञात चोर के द्वारा हैंड पंप का पाइप को तोड़फोड़ कर अंदर में लगे सबमर्सिबल पंप को चोरी करने का प्रयास किया गया है रिपोर्ट पर से अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया प्रार्थी मानिक लाल राय क्षेत्रपाल वृत्त सिवनी का रिपोर्ट दर्ज कराया कि कोई अज्ञात चोर 28/9/2022 की रात को घुसरिया परिसर के कक्ष क्रमांक 2049 में लगे 15 पोल का बारबेट वायर कीमती 3500 को काटकर ले गया है रिपोर्ट पर अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी मरवाही द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को घटना के सम्बंध में अवगत कराया गया था। प्रकरणों में *पुलिस अधीक्षक श्री आई कल्याण एलिसेला* के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अशोक वाडेगाँवकर के मार्गदर्शन में थाना मरवाही की टीम गठित कर माल मुलजिम की पतासाजी का निर्देश दिए गए थे। थाना मरवाही की टीम के द्वारा मामलों की जांच की जा रही थी कि मुखबिर से सूचना मिली कि शिव कुमार चौधरी निवासी चरचेड़ी की गतिविधियां संदिग्ध है जो सोलर पंप बेचने हेतु ग्राहक की तलाश कर रहा है थाना मरवाही की टीम ने बिना देरी किए शिव कुमार चौधरी को हिरासत में लेकर मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ किया जो कि अपने अन्य तीन साथियों के साथ चर चेड़ी गौठान से पंप चोरी,बारबेट वायर चोरी एवं लोहारी स्कूल में पंप चोरी करने का असफल प्रयास करना बताया। आरोपीगणों 1 शिव कुमार चौधरी पिता गेंद लाल चौधरी उम्र 28 वर्ष निवासी चर्चेडी 2 कुलदीप उर्फ चिंटू पिता जगदीश चौधरी उम्र 19 साल निवासी चरचेड़ी 3 वीरभद्र उर्फ वीरू पिता नेमदास चौधरी निवासी चरचेड़ी 4 विजय कुमार चौधरी पिता दशमंता लाल चौधरी उम्र 20 वर्ष निवासी घुसरिया के कब्जे से सोलर पंप, तार, बारबेट वायर और घटना में प्रयुक्त 2 साइकल बरामद उपरांत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल अग्रवाल, सहा उप निरी राजेन्द्र पावेल, प्रधान आरक्षक रमेश सिंह, आरक्षक इन्द्रपाल आर्मो, डालूराम मराबी, रमणीक जायसवाल की मुख्य भूमिका रही।

